1.11.2017

प्रभात खबर

prabhatkhabar.com

आसनसोल प्रभात

प्रभात खबर 1.11.2017 | 03

सिटी अपडेट

राज्यस्तरीय कराटे चैंपियनशिप में अंविता को गोल्ड

आसनसोल. दुर्गापुर में आयोजित 19वीं केबीआई वेस्ट बंगाल ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) की नौवीं कक्षा की अंविता चटर्जी ने 13 से 15 आयु वर्ग की कराटे प्रतियोगिता के 'काटा' तथा 'कुमति' स्पर्धा में क्र मशः गोल्ड तथा रजत प्राप्त किया. इस प्रतियोगिता में 20 जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था. अंविता ने 'काटा' स्पर्धा में 18 प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ कर गोल्ड जीता. 'कुमति' स्पर्धा में 14 प्रतिभागियों को कड़ी टक्कर देकर रजत जीता. उसने अभिभावकों, विद्यालय तथा शहर को गौरवान्वित किया. प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने उसे मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि कठिन व क्र मागत प्रयास, दृढ़ निश्चय, लगन और एकाग्रता जीवन में सफलता प्राप्त करने के मूलमंत्र हैं. शिक्षा के साथ जीवन में खेलकूद का भी विशिष्ट स्थान है.